दिनांकः 10-07-2024 को प्रभारी SOG के नेतृत्व में SOG/ ANTF पुलिस टीम द्वारा थाना झिरौली क्षेत्रान्तर्गत जोशी गांव से 200 मी0 आगे झिरौली की ओर सुरागरसी पतारसी/चैकिंग के दौरान अल्टो कार न0-UK-05-TA-3284 को संदिग्ध प्रतीत होने पर रोककर पूछताछ/चैक किया गया तो उसमें 02 व्यक्ति सवार थे, जिन्होने अपना नाम क्रमशः मनीष कुमार पुत्र श्री रमेश निवासी गोल गेट, थाना पन्तनगर, जिला – ऊधम सिंह नगर, उम्र 20 वर्ष व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम राम सिंह पुत्र श्री भूपाल सिंह, निवासी हल्दूचौड़, थाना लालकुंआ, जिला-नैनीताल, उम्र-33 वर्ष बताया गया । पुलिस टीम द्वारा उक्त ऑल्टो कार को चैक किया गया तो एक बैग में 02 पारदर्शी पन्नियों में क्रमशः 1.424 कि0ग्रा0 व 1.704 कि0ग्रा0 कुल 3.128 कि0ग्रा0 अवैध चरस बरामद की गयी। उक्त सम्बन्ध में उपरोक्त दोनों अभियुक्तों के विरुद्व थाना झिरौली में मु0 FIR N0-07/2024 अन्तर्गत धारा 08/20/60 एन0डी0पी0एस0 एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।